# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

## बिहार लोक भवन, पटना–800022

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–185/2026*

### अभियंताओं की भूमिका विकास के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण– राज्यपाल

**पटना 15 सितम्बर, 2026 :–** माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने अभियंता भवन, पटना में बिहार अभियंत्रण सेवा संघ द्वारा आयोजित 59वें अभियंता दिवस समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अभियंताओं की भूमिका सिर्फ सड़क, पुल, भवन और दूसरी आधारभूत सुविधाएँ बनाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में भी उनका बड़ा योगदान है।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार में पिछले वर्षों में सड़क और दूसरी आधारभूत सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से राज्य के विकास को गति मिलती है। बिहार में शहरीकरण बढ़ रहा है और ऐसे में जलापूर्ति, बिजली, सड़क, भवन तथा कचरा प्रबंधन जैसी सुविधाओं के विकास में सिविल अभियंताओं की भूमिका और महत्वपूर्ण होगी।

उन्होंने कहा कि बिहार की नदियाँ जहाँ सिंचाई और कृषि के लिए वरदान हैं, वहीं बाढ़ की चुनौती भी पैदा करती हैं। इसलिए नदियों के साथ बेहतर तालमेल रखते हुए जल प्रबंधन और बाढ़ से बचाव की प्रभावी व्यवस्था विकसित करना जरूरी है। जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में ऐसी चुनौतियाँ बढ़ सकती हैं।

अपने सैन्य अनुभव साझा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि लद्दाख जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना की त्वरित तैनाती के लिए सड़क, पुल, एयरफील्ड, आवास, पानी और अन्य सुविधाएँ जरूरी होती है। इन सभी कार्यों में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि बिहार की सड़क और रेल व्यवस्था भी देश की सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक सैन्य आवागमन संभव होता है।

राज्यपाल ने कहा कि अभियंताओं को अपने काम के महत्व को समझते हुए आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के साथ देश की सेवा में योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर राज्यपाल ने ई० उमेश कुमार (सेवानिवृत्त) और ई० दया शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त) को 'अभियंता रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने बिहार अभियंत्रण सेवा संघ द्वारा प्रकाशित पत्रिका ''इंजीनियर एक्सप्रेस'' का विमोचन भी किया।

राज्यपाल ने कार्यक्रम से पूर्व भारत रत्न स्व० डॉ० एम० विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि स्व० डॉ० विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर 15 सितम्बर को अभियंता दिवस मनाया जाता है।

कार्यक्रम को इंडियन इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष ई० अभिनाश राउल, बिहार इंजीनियरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष ई० सुनील कुमार तथा महासचिव ई० राकेश कुमार ने भी संबोधित किया। अस अवसर पर बिहार इंजीनियरिंग एसोसिएशन के सदस्यगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

..............................................